सार-समाचार

खाद्य पदार्थों के 43 नमूने लिए

कोटा, (निसं)। प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुइटे के मार्गदर्शन व जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशन एवं अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नरेंद्र नगर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा दल ने सोमवार को बोरखेड़ा बारां रोड़ कोरल पार्क स्थित आधा दर्जन मैस एवं टिफिन सेंटर का निरीक्षण किया। टीम ने मेस, टिफिन सेंटर तथा डेयरी से विभिन्न खाद्य पदार्थों के 43 नमूने लिए। जिनमे आटा, मिर्च पावडर, धनिया पावडर, साबुत दालें, चावल, शक्कर, मैदा, सूजी, सॉस, नमक, दूध, दही, घी, पनीर, इत्यादि के नमूने शामिल हैं। सभी नमूनों को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला कोटा भिजवाया जा रहा है। इनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादोन, अरुण सक्सेना, मोजी लाल कुम्भकार एवं सहायक चेतराम शामिल थे।

लापता युवक का शव मिला

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम थाना इलाके में एक युवक का शव इलाके के जीएडी सर्किल के समीप पार्क के पास स्थित सिंघाडा तलाई मे मिला। जिसे नगर निगम की गौताखोर टीम ने बाहर निकाला। नगर निगम के गोताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि कंट्रोल रूम से जीएडी सर्किल के समीप पार्क के पास स्थित सिंघाडा तलाई मे शव होने की सूचना मिली। सूचना पर निगम की गौताखोर टीम मौके पर पहुंची और थोडी देर की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। विष्णु श्रृंगी ने बताया कि मामले में सामने आया कि मृतक दो दिन से लापता था, जिसकी चप्पल तलाई के बाहर पार्क में मिली जिस पर उसकी तलाश की गई और मृतक का शव सिंघाडा तलाई में मिला। मृतक के शव को पुलिस को सौंप दिया गया। वही आरकेपुरम पुलिस का कहना है कि मृतक विवेकानन्द नगर निवासी विकास शर्मा (33) है जो 22 फरवरी से लापता था। मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

नहर में मिले शव की नहीं हुई शिनाख्त

कोटा, (निसं)। बोरखेडा इलाके में दो दिन पूर्व नहर में मिले मृतक की शिनाख्त नही होने पर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर नियमानुसार मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिये समाज सेवा समिति को सौंपा। बोरखेड़ा थाने के एएसआई सुरेश ने बताया कि 22 फरवरी को 35 से 40 साल के एक व्यक्ति का शव मजदूर चौराहे से स्टेशन की ओर जाने वाली नहर में मिला था। नहर में शव पड़े होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को बाहर निकलवाकर मौके पर मृतक की शिनाख्त के प्रयास किये, पर मौके पर मृतक की शिनाख्त नही हो पाई। एएसआई ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नही होने पर मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और मृतक के परिजनों की तलाश की गई। एएसआई ने बताया कि दो दिन तक मृतक की शिनाख्त नही होने पर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिये नियमानुसार कार्यवाही की गई।

अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। विज्ञान नगर पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार देशी पिस्टल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी के पास से दो जिंदा कारतूस भी बरामद किये गये। विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि इलाके में मय जाप्ता गश्त के दौरान एक व्यक्ति पर संदेह होने पर डिटेन कर मौके पर ही उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध हथियार देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। सीआई ने बताया कि मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए अनंतपुरा निवासी मोहम्मद सद्दाम (32) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

न्यायालय में वाटर कूलर भेंट

छबड़ा (निसं)। समाजसेवी कन्हैयालाल रामपुरिया द्वारा अपनी माता की पुण्य स्मृति में पक्षकारों को शीतल पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से न्यायालय में वाटर कूलर भेंट किया। इस अवसर पर अभिभाषक परिषद अध्यक्ष दिनेष गालव, पूर्व अध्यक्ष राजेष भार्गव, अरविंद प्रतापसिंह, टीकमचंद टोढ़रिया, अजय श्रीवास्तव, कमलसिंह आसावात, अब्दुल हसीब आलम, सोमेश गालव, हेमंत पारीक आदि मौजूद थे।

लकीर को बड़ा खींचें, ताकि हमारी सोच और कार्यशैली का दायरा विस्तृत हो : ओम बिरला

■ लोकसभा अध्यक्ष ने ग्रामीण अंचल के सामाजिक कार्यकर्ताओं से संवाद किया

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्धजनों के साथ संवाद कर समाज सेवा, नेतृत्व क्षमता और विकास की दिशा में अपने विचार साझा किए।

उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओं को हमेशा सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने की प्रक्रिया में रहना चाहिए। हमें लकीर को बड़ा खींचने का प्रयास करना चाहिए, ताकि हमारी सोच, दृष्टि और कार्यशैली का दायरा विस्तृत हो और कोटा-बूंदी को एक उदाहरण के रूप में देखा जाए।

कोटा के जवाहरनगर में आयोजित आधार शक्ति संगम कार्यक्रम में स्पीकर बिरला ने कहा कि हमें क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति से सीधा संवाद स्थापित करना होगा, उनकी जरूरतों और क्षेत्र की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने कहा कि हमारे सामने अवसर भी हैं और चुनौतियाँ भी, लेकिन हमें अपनी कार्यप्रणाली को इतना प्रभावी बनाना होगा कि विकास की धारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सच्ची समाज सेवा वही है, जो लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए, उनके सुख-दुख में सहभागी बने और समाज के उत्थान में योगदान दे।

उन्होंने कहा कि छोटे मन का व्यक्ति कभी बड़ा नहीं बन सकता। संघर्ष और मेहनत के साथ हमें निस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए स्वाभिमानी नेतृत्व विकसित करना होगा। स्पीकर बिरला ने कहा कि हमारी सामाजिक और आर्थिक नीतियाँ ऐसी होनी चाहिए, जो हर व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार लाएँ।

उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी तक पहुँचाने का कार्य करें, ताकि हर जरूरतमंद व्यक्ति लाभान्वित हो सके।

उन्होंने कहा कि हर गाँव स्वच्छ हो, हरा-भरा हो और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़े, यही हमारा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें आमजन का विश्वास जीतना है, उनकी समस्याओं को समझकर समाधान तक पहुँचाना है और उनके सुख-दुख में संवेदनशील सहभागी बनना है।

स्पीकर बिरला ने कहा कि हमारी भूमिका सिर्फ योजनाओं के प्रचार-प्रसार तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ मिले। यदि किसी व्यक्ति को इलाज की आवश्यकता है, तो हम उसे समुचित उपचार उपलब्ध कराएँ। यदि किसी वंचित परिवार का बच्चा शिक्षा से वंचित है, तो उसे पुस्तकें और यूनिफॉर्म उपलब्ध कराएँ। हमें यह लक्ष्य बनाना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति धन के अभाव में शिक्षा और स्वास्थ्य से वंचित न रहे।

बिरला ने की जनसुनवाई:- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने संसदीय क्षेत्र कोटा स्थित निवास पर जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कोटा-बूंदी के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आए नागरिकों ने बजट में स्वीकृत सड़कों, पेयजल योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को लेकर लोकसभा अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

रामगंजमण्डी, (निसं)। स्थानीय अधिशाषी अभियंता जयपुर डिस्कॉम कार्यालय में निर्माणाधीन श्री शालिग्राम मंदिर का कार्य पूर्ण होने पर प्राण प्रतिष्ठा के तीन दिवसीय महोत्सव सोमवार को शुभारंभ हुआ। जो 24 फरवरी सोमवार से 26 फरवरी बुधवार तक आयोजित होगा। उक्त जानकारी विष्णुदत्त लोधा अधिशाषी अभियंता जयपुर डिस्कॉम रामगंजमण्डी ने देते हुए बताया कि कार्यालय में श्री शालिग्राम जी मंदिर का जो निर्माण कार्य चल रहा था,वो अब पूर्ण हो चुका है जिसके प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का सोमवार को शुभारंभ हो गया।

जिसके प्रारंभ में सोमवार को यज्ञ आदि सभी देवताओं का आव्हान पूजन हुआ। तत्पश्चात विधिविधान से सभी नूतन मूर्तियों का जलाधिवास व धान्यधिवास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वहीं मंगलवार को एक हजार कलश से महाभिषेक एवं यज्ञ आहुति कार्यक्रम होगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आचार्य मनीष शर्मा व अभिषेक शास्त्री भवानीमंडी मय विद्वानों की टीम द्वारा विधिविधान से पूर्ण करवाया जा रहा है। तीसरे व अंतिम दिन 26 फरवरी बुधवार को हवन पुजा और प्रसादी कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

ग्राम बनियानी के सरपंच मोइजुद्दीन गुड्डू को प्रशासक पद से हटाया

■ पंचायत कार्यालयों में व्यवस्थाओं का अनियमितताएं पाई गई

कोटा, (निसं)। कोटा के लाडपुरा पंचायत समिति की ग्राम बनियानी के सरपंच मोइजुद्दीन गुड्डू को प्रशासक पद से मुक्त कर दिया गया है।

राजस्थान सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उपसचिव इंद्रजीत सिंह ने एक आदेश जारी किया।

इस आदेश में बनियानी ग्राम पंचायत में जांच करवाई गई थी। जहां पर कई खामियां और कमियां पाई गई थी। जिसके चलते सरपंच मोइजुद्दीन गुड्डू को प्रशासक पद से मुक्त कर दिया गया है। अब कलेक्टर की ओर से उप सरपंच या अन्य किसी वार्ड पंच को प्रशासक नियुक्त किया जाएगा।

कोटा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि जयपुर से जांच रिपोर्ट टीम ग्राम बनियानी में आई थी। यहां पर पंचायत के रिकॉर्ड चेक किए थे। पंचायत में होने वाले काम को जांच टीम के द्वारा कई अनियमितताएं नजर आई जिसकी रिपोर्ट जयपुर भेजी गई थी। जयपुर से आदेश जारी हुआ जिसमें लाडपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बनियानी के सरपंच मोइजुद्दीन गुड्डू को प्रशासक पद से मुक्त कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि राजस्थान के शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने लाड़पुरा पंचायत समिति के तीन ग्राम पंचायतों तीरथ, गोदलियाहेड़ी, और बनियानी ग्राम पंचायतों का दौरा किया था।

इस दौरे में उन्होंने पंचायत कार्यालयों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कई अनियमितताएं पाई। बनियानी पंचायत कार्यालय में ताला लगा मिला और रिकॉर्ड गायब थे। ग्रामीणों ने मंत्री से शिकायत की थी कि सरपंच मोइजुद्दीन गुड्डू गांव में सफाई और विकास कार्यों की अनदेखी कर रहे हैं।

गांव के लोगों ने बताया कि नाले निर्माण का भुगतान तो पूरा कर दिया गया लेकिन काम अधूरा ही पड़ा हुआ है। अस्पताल की पुताई के लिए लाखों रुपये जारी हुए थे लेकिन कार्य अभी तक भी पूरा नही हुआ।

ग्रामसभा की बैठक का रजिस्टर मंगवाया जिसमें फर्जी नाम और हस्ताक्षर पाए गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सभा की बैठक हुई ही नहीं थी। सफाई व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मंत्री ने पाया कि ठेका फर्म को सफाई का ठेका दिया गया है लेकिन सफाई का काम नहीं हो रहा।

मंत्री ने इस पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करने को कहा था। इस मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाड़पुरा के समन्वयक अनिल आनंद ने शिक्षा मंत्री एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर पर आरोप लगाया है, उन्होंने बदले की भावना से बनियानी सरपंच मोइनुद्दीन गुड्डू को समुदाय विशेष का होने के कारण गलत जांच कर हटाया है जबकि लोकतंत्र में जनता ही मालिक है जनता जिसको चुनती है वह जन प्रतिनिधि बनता है पर तानाशाही मंत्री चुने हुए प्रतिनिधियों को हटाकर क्या बताना चाहते हैं। इससे तो अच्छा है कि चुनाव ना करा कर अपने निकट व्यक्तियों को नॉमिनी कर दें।

सार-समाचार

शिविर में 1250 दिव्यांग लाभांवित

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के विशेष प्रकल्प सम्बल निशुल्क दिव्यांग सहायता उपकरण वितरण शिविर का सोमवार को समापन हुआ। प्रकल्प चेयरमैन अनुपम शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में 1250 दिव्यांगों को सहायता उपकरण वितरित किए गए। समिति के संचालक प्रवीण भंडारी ने बताया की शिविर में जरूरतमंद दिव्यांगों को उनकी जरूरत के अनुसार जयपुर फुट, कृत्रिम हाथ, कैलिपर्स, बैसाखियाँ, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, हियरिंग ऐड- कान से सुनने की मशीन निशुल्क प्रदान किये गए। रोटरी क्लब कोटा के अध्यक्ष मुकेश व्यास ने बताया की संबल प्रकल्प के तहत 11 दिनों तक अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाकर 10 हजार दिव्यांगों को लाभन्वित किया गया है। शिविर के समापन पर 26 कार्यकर्ताओं का माला व उपरणा पहनाकर एवं उपहार भेंट कर अभिनंदन किया गया। प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया 9 दिनों तक चला यह शिविर मनोहरथाना, जिला झालावाड़ से प्रारम्भ हुआ। फिर ग्राम केलवाड़ा, इटावा, कोटा में लगाया गया। कोषाध्यक्ष जयंत उपाध्याय ने बताया कि क्लब द्वारा गांव-गांव जाकर शिविर का प्रचार किया।

आशीष मेहता क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य मनोनीत

कोटा, (निसं)। राजस्थान सरकार के परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अनुशंसा पर आशीष मेहता को रेल प्रशासन में क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति का सदस्य बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि रेल उपयोगकर्ताओं का श्रेष्ठ प्रतिनिधित्व प्राप्त करने तथा रेलवे द्वारा दी जाने वाली सेवाओं से संबंधित मामलों में उपयोगकर्ताओं और रेल प्रशासन के बीच विचार-विमर्श करने के लिए क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति का गठन किया गया है। जिसमें कोटा से आशीष मेहता को मनोनीत किया गया है। पश्चिम मध्य रेल जोन जबलपुर के अंतर्गत भोपाल, कोटा और जबलपुर रेल मंडल आते हैं। पश्चिम मध्य रेल जोन का मुख्यालय जबलपुर में है। आशीष मेहता ने बताया कि समिति का उद्देश्य रेलवे की सेवाओं को अधिक सक्षम बनाना है। रेल यात्रियों की समस्याओं को उचित मंच पर उठाकर निराकरण के प्रयास करेंगे।

कॉलेज की छात्रा को स्कूटी मिली

छबड़ा (निसं)। अमरचंद राजकुमारी बरडिया जैन महाविद्यालय में बीए में नियमित रूप से अध्यनरत छात्रा को कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय द्वारा कालीबा भील मेद्यावी योजना के तहत स्कूटी प्रदान की गई। प्राचार्य डॉ. आरसी मीणा द्वारा महाविद्यालय की छात्रा मोनिका नागर को स्कूटी की चाबी छात्रा को सौंपी। इस अवसर पर डॉ. आशा भार्गव, डॉ. बिरधीलाल बैरवा, दिनेश सक्सेना, विजय भार्गव, अशोक भार्गव तथा छात्रवृत्ति प्रभारी नवल किशोर बागोरिया ने छात्रा को बधाई दी।

गोलू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

छबड़ा (निसं)। कस्बे में दूसरी बार आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में यहां के ही निवासी गोलू नामदेव ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वागत किया। विक्की मित्तल के अनुसार वार्डवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नामदेव का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यहां राजू जोशी, राजू चौबदार, गिर्राज, शिबू सनी सेन, अभिषेक, सीताराम नामदेव, राहुल मीणा, लव शर्मा, चिराग सोनी, प्रिंस, सुभोद सोनी, गौरव नामदेव, इमरान, तुषार राणा, सतपाल राणा, दिलीप कुमावत, हिमांशु मित्तल, सनी जोशी, लड्डूलाल सुमन आदि मौजूद थे।

गेहूं के स्टॉक सीमा की निर्धारित तिथि 31 मार्च तक

कोटा, (निसं)। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सावर्जनिक वितरण मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 31 मार्च तक की अवधि के लिए गेहूं की स्टॉक सीमा निर्धारित की गई है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि संबंधित विधिक इकाईयां उपलब्ध गेहूं के स्टोक का खुलासा/इन्द्राज खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर स्टॉक की स्थिति की घोषणा करेंगी।

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/153 **विज्ञप्ति** दिनांक:- 24.02.25

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखंड संख्या-L-10 गुरु गोविन्द नगर सोगरिया योजना कोटा का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 41 दिनांक 31.03.2015 द्वारा श्री बिरजू सिंह हाडा पुत्र श्री मन्ना सिंह हाडा को आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा नियुक्त मुख्तारआम/वसीयतनामा/इकरारनामा श्री परसराम कोली पुत्र श्री चिरंजी लाल कोली ने उक्त आवास/भूखंड का विक्रय जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 12.12.2024 को श्रीमती प्रीती कुमारी पत्नी श्री धर्मेन्द्र कुमार को विक्रय कर दिया गया है। उक्त आवास/भूखंड विक्रेता श्रीमती प्रीती कुमारी पत्नी श्री धर्मेन्द्र कुमार के नाम हस्तानांतरण हेतु आवेदन किया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त आवास/भूखंड का हस्तांतरण किए जाने में कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखंड संख्या L-10 गुरु गोविन्द नगर सोगरिया योजना कोटा के स्वामित्व हस्तान्तरण की स्वीकृति श्रीमती प्रीती कुमारी पत्नी श्री धर्मेन्द्र कुमार के नाम कर दी जायेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-2300 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-24.2.25

नगर विकास न्यास कोटा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर (आनन्दपुरा) पुनर्वास योजना के भूखंड/दुकान संख्या 4 का आवंटन/हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 24.04.2010 को श्री जगदीश पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण को किया गया था। आवंटी की मृत्यु दिनांक 21.01.2022 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान हकदार द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड, शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास को अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/दुकान संख्या 4 योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर (आनन्दपुरा) पुनर्वास का नाम हस्तान्तरण श्रीमती जसोदा पत्नी स्व. श्री जगदीश के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपारा/भूमि/2024-25/5587 दिनांक:-24.02.25

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदनकर्ता श्री हेमन्त माटा पिता श्री बलदेव कृष्ण माटा निवासी रावतभाटा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) द्वारा इस कार्यालय में ऑनलाईन आवेदन पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगर पालिका रावतभाटा के बालाजी नगर (आई.डी.एस.एम.टी.) आवासीय योजना रावतभाटा के आवासीय भूखंड संख्या 24 श्रेणी (MIG-B) साईज 9x.19.5 क्षेत्रफल 175.5 वर्गमीटर अर्थात 1888.38 वर्गफीट के स्वामित्व संबंधी व अन्य वांछित दस्तावेजों की प्रतियों को ऑनलाईन अपलोड करवाकर इस भूखंड पर आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति व नक्शानुमोदन हेतु आवेदन मय प्रस्तावित भवन निर्माण के नक्शों की प्रतियों सहित प्रभावी मॉडल राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के तहत निर्माण स्वीकृति एवं नक्शानुमोदन बाबत प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त प्राप्त आवेदन से संबंधित प्रस्तावित कार्यवाही को पालिका द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/फर्म/विभाग/संस्था को उक्त कार्यवाही पर कोई उजर या आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में मय साक्ष्य/सबूत के प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात कोई भी उजरदारी या आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा (दक्षिण)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/17845 दिनांक: 24.2.25

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नरेश कुमार शर्मा आत्मज स्व. श्री छीतर लाल शर्मा निवासी 176 प्रताप नगर दादाबाड़ी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड/दुकान संख्या 176 प्रताप नगर दादाबाड़ी कोटा स्थित भूखंड जिसका कुल क्षेत्रफल 1920 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 176 प्रताप नगर दादाबाड़ी कोटा स्थित भूखंड का क्षेत्रफल 1920 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा द्वारा श्री किशन चन्द्र आत्मज श्री बद्री सिंह को दिनांक 28.03.1989 को किया गया था। जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय कोटा द्वारा दिनांक 30.03.1989 को पंजीबद्ध किया गया है। श्री किशन चन्द्र द्वारा श्री कुन्ज बिहारी गुप्ता आत्मज श्री मोहनलाल गुप्ता को मुख्तारआम नियुक्त किया गया। श्री कुन्ज बिहारी गुप्ता ने जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के श्री भगवानदास गुप्ता आत्मज श्री मोहनलाल को विक्रय किया। तत्पश्चात श्री भगवानदास गुप्ता ने उक्त भूखंड जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से श्री छीतर लाल आत्मज श्री चतुर्भुज को विक्रय किया। जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय कोटा द्वारा दिनांक 02.02.1990 को पंजीबद्ध किया गया है। उक्त भूखंड संख्या 176 प्रताप नगर दादाबाड़ी कोटा पर श्री छीतरलाल का ही मालिकाना कब्जा व अधिकार चला आ रहा है। श्री छीतरलाल का स्वर्गवास दिनांक 18.11.2012 को हो चुका है। एवं श्रीमती रामकन्या बाई पत्नी स्व. श्री छीतरलाल का स्वर्गवास दिनांक 23.08.1995 को हो चुका है। श्री छीतरलाल के विधिक वारिसान होने के नाते जरिये रजिस्टर्ड हक त्याग श्री नरेश कुमार शर्मा आत्मज स्व. श्री छीतर लाल शर्मा को हकदार नियुक्त कर दिया। उक्त भूखंड पर नरेश कुमार शर्मा का ही मालिकाना कब्जा व अधिकार चला आ रहा है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

एलन 1.31 करोड़ की लागत से बनाएगा आचार्य प्रशिक्षण केन्द्र

कोटा, (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड अपने सामाजिक सरोकारों की जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहा है।

इस क्रम में एलन की ओर से विद्या भारती द्वारा कोटा के महावीर नगर तृतीय में संचालित स्वामी विवेकानंद विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक करोड़ 31 लाख की लागत से आचार्य प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कराया जाएगा।

जिसका विधिवत भूमि पूजन सोमवार को विवेकानंद विद्यालय के पूर्व छात्र एवं एलन के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी द्वारा किया गया। एलन द्वारा विद्यालय परिसर में दो मंजिला भवन तैयार कराया जाएगा। जिसका उपयोग संस्था के आचार्यों के प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा।

इस दौरान एलन के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर सीए ललित माहेश्वरी, नेता प्रतिपक्ष डॉ.विवेक राजवंशी, पार्षद गोपालराम मंडा, विभाग प्रचारक कोटा अजय कुमार, जिला अध्यक्ष विद्या भारती महावीर प्रसाद गौतम एवं जिला मंत्री विद्या भारती देवेंद्र कुमार जैन भी मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना ही शिक्षक का प्रथम दायित्व है लेकिन, इसके लिए जरुरी है कि शिक्षक भी समय की मांग के अनुसार खुद को तैयार करें। तभी आने वाली पीढ़ी संस्कारित होने के साथ तकनीकी रूप से दक्ष बनेगी और देश व समाज मजबूत बन सकेगा। कोई भी कार्य करें तो मन से करें।

क्योंकि मन से किया गया कार्य कभी विफल नहीं होता। विद्या भारती के जिला सचिव सतीश कुमार गौतम ने जी प्लस टू के प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रोजेक्ट में केंद्र सरकार द्वारा लागू नई शिक्षा नीति के तहत प्रांत का प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। इस मौके पर विद्या भारती के अन्य पदाधिकारी एवं अन्य विद्यालयों से आए प्राचार्यगण मौजूद रहे।

अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

कोटा, (निसं)। केन्द्र सरकार द्वारा 1971 में बोनस की अधिकतम सीमा निश्चित कर दिए जाने के विरुद्ध कोटा के जे.के. सिंथेटिक्स कारखाने के सामने प्रदर्शन कर रहे श्रमिकों पर पुलिस द्वारा किए गए निर्मम गोलीकांड में शहीद हुए 8 युवा मजदूर साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए विभिन्न मजदूर संगठनों के नेतृत्व में श्रमिकों का तांता लगा रहा। जे. के. सिंथेटिक्स एम्पलाइज यूनियन के आह्वान पर शहीद स्मारक परिसर में दोपहर 3 बजे आयोजित श्रद्धांजलि सभा में श्रमिकों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शहीदों को याद किया।

सभा का संचालन करते हुए ए.आई.सी.टी.यू. के महासचिव महेन्द्र पांडेय ने कहा कि जिन उद्देश्यों के लिए शहीद साथियों ने अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया, मजदूर एकता और संघर्ष के रास्ते को हम मरते दम तक नहीं छोड़ेंगे। श्रमिकों के जुझारू नेता देवराज सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार ने लेबर कोड बिल द्वारा श्रमिकों के संघर्षों से प्राप्त अधिकार छीन लिए हैं, लेकिन हम विषम परिस्थितियों में भी अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

हेमराज सोनी ने कहा कि जे के उद्योग समूह के मालिकों ने मुनाफे में चल रहे कारखानों को षडयंत्र पूर्वक बंद करके कोटा के श्रमिकों के साथ ही नहीं यहां की अर्थ व्यवस्था को नष्ट कर दिया। हम राजस्थान सरकार से मांग करते हैं कि कारखानों को चालू कराया जाए और श्रमिकों की बकाया राशि को दिलाया जाए। सभा को महेन्द्र नेह, शब्बीर अहमद खान तथा कामरेड बैरागी ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता कर रहे घनश्याम जोशी ने कहा कि पिछले दिनों हमारे तीन अग्रणी साथी मुरलीधर टेलर, आरपी तिवारी और एआईसीटीयू के राष्ट्रीय महा सचिव के बी शर्मा हमारे बीच से गुजर गए। इन साथियों ने श्रमिक आंदोलन में बेहद कर्मठता और त्याग की भूमिका निभाई। सभा के अंत में इन तीनों एवं शहीद साथियों की स्मृति में मौन रह कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

तेजी से आगे बढ़ाएं अपने
मार्केट
के
रिटर्न को
एलआईसी
इंडेक्स
प्लस
UIN: 512L354V01 | Plan No.: 873
ऑनलाइन भी उपलब्ध
मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ
एक नॉन - पार, लिंक्ड़, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना
मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरूआत कीजिए
दो फ़ंड्स में से चुनिए - निफ्टी 50 (फ्लैक्सी स्मार्ट ग्रोथ फ़ंड) या निफ्टी 100 (फ्लैक्सी ग्रोथ फ़ंड) के चुनिंदा स्टॉक्स में 100% तक निवेश
गारंटीड एडीशन्स के साथ*
* नियम व शर्तें लागू
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2024-25/22/Hin
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट